कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
E-mail- cgvyapam19@gmail.com Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2019 / 2696 रायपुर, दिनांक 21.11.19

प्रेस विज्ञप्ति

सहायक शिक्षक विषय विज्ञान (ई. संवर्ग एवं टी. संवर्ग) (SEAT19) भर्ती परीक्षा–2019 के अंतिम उत्तर तथा परीक्षा परिणाम जारी करने के संबंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालक, लोक शिक्षण, छ.ग. के प्रस्ताव पर सहायक शिक्षक विषय विज्ञान (ई. संवर्ग एवं टी. संवर्ग) (SEAT19) भर्ती परीक्षा का आयोजन दिनांक 25 अगस्त 2019 को प्रथम पाली में किया गया था।

सहायक शिक्षक विषय विज्ञान के ई. संवर्ग के 20 जिलों हेतु रिक्त 2020 पद एवं सहायक शिक्षक विषय विज्ञान के टी. संवर्ग के 16 जिलों हेतु रिक्त 1980 पद, कुल 4000 पदों के विरूद्ध भर्ती परीक्षा आयोजित की गई ।

उक्त भर्ती परीक्षा के मॉडल उत्तर व्यापम के वेबसाइट पर दिनांक 25.09.2019 को प्रदर्शित किया गया था तथा दिनांक 30.09.2019 को सायं 5.00 बजे तक सप्रमाण दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि निर्धारित थी। प्राप्त दावा/आपत्तियों का निराकरण विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया । परीक्षा के अंतिम उत्तर तथा परीक्षा परिणाम दिनांक 21.11.2019 को घोषित किया गया है।

अभ्यर्थी अपना रोल नंबर टाइप कर परीक्षा परिणाम व्यापम के वेबसाइट **https://vyapam.cgstate.gov.in** पर देख सकते हैं और प्रिंट आउट भी प्राप्त कर सकते हैं।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर